

एक नजर में

## कैपरी गोल्ड लोन की शाखा का शुभारंभ



**बदनावर .** बैजनाथ महादेव मंदिर के पास कैपरी गोल्ड लोन की नवीन शाखा का शुभारंभ गणेश उत्सव के दौरान किया गया शाखा का उद्घाटन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी और नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव और भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रजेंद्र भट्ट के द्वारा किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक पांडे क्षेत्र प्रबंधक अनिल कुमार खोदरे और शाखा प्रबंधक जय वर्मा उपस्थित रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक पांडेय ने चर्चा में बताया बहुत ही सुरक्षित और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था हाई सिक्योरिटी ए आई गेट में लॉकर में गोल्ड सुरक्षित रहता है त्वरित कार्रवाई पर कट मिटी ब्याज दर पर गोल्ड लोन उपलब्ध कराया जाता है यह धार जिले की चौथी शाखा है प्रदेश में ऐसी कुल 112 शाखाएं हैं देशभर में 1175 शाखाएं हैं। 3 वर्ष पहले चालू हुआ कैपरी गोल्ड लोन क भारत की सबसे दूसरी बड़ी गोल्ड लोन बैंक है पूर्व में भी कैपरी ग्रुप सभी तरह के लोन देने का काम करता आ रहा है।

## शिक्षक दिवस मनाया






**बदनावर .** श्री राज राजेंद्र सूरी शताब्दी जैन पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बड़े हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह शक्तावत (सेवानिवृत वरिष्ठ शिक्षक), विशेष अतिथि नरेंद्र राठौड़ (भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मीडिया प्रभारी, अभिभावक), विशेष अतिथि भूपेंद्र सिंह जादौन ( ग्रामीण तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष ) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष महावीर चौरडिया (कोषाध्यक्ष आदिनाथ शिक्षण समिति) की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्टडीज के निर्देशक ओमप्रकाश पाटीदार, डॉ. सोहनलाल पाटीदार, श्री ओवेस काजी, आदिनाथ शिक्षण समिति के सचिव राहुल डोसी उपस्थिति थे कार्यक्रम के आरम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, गुरुदेव एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शिक्षकों से समर्पित भाव को लेकर प्रस्तुत की गई। व जीवन में गुरु के महत्व को प्रतिपादित मंच के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि श्री शक्तावत में विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा के अद्वितीय महत्व को साझा किया, उन्होंने विद्यार्थियों के लिए घोषणा की हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी को पुरस्कार देने की घोषणा की कार्यक्रम अध्यक्ष श्री चौरडिया द्वारा विद्यार्थी जीवन में शिक्षक के महत्व को दर्शाया गया। श्री जादौन ने बताया कि माता-पिता केवल साधनों की उपलब्धता करवाते हैं लेकिन जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षक की भूमिका बहुत महत्व रखती है। श्री राठौर ने बताया कि शिक्षक एक उत्तम समाज एवं मजबूत राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम विवेकानंद ग्रुप ऑफ़ स्टडीज के समस्त निर्देशकों के निर्देशन में विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यक्रम का आभार डॉक्टर सोहनलाल पाटीदार ने माना। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय विद्यार्थियों अक्षा अली, संस्कार जायसवाल, तुलसी परमार, मोहित पाटीदार एवं विहान जोशी द्वारा किया गया .उक्त जानकारी डॉ विक्रम पाटीदार ने प्रदान की।

## गंधवानी का शराब तस्कर अवैध शराब के साथ धार में धराया




**गंधवानी/ धार ।** जिले में आबकारी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान मे कार्यवाही कर आबकारी वृत्त धार में वेगन आर कार वाहन तथा 73 .5 लीटर अवैध मदिरा जप्त। धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र के आदेशानुसार, उपायुक्त आबकारी संभाग इंदौर संजय तिवारी एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार राजनारायण सोनी* के मार्गदर्शन तथा *सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिनेश उदैनिया* के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में वृत्त धार में इंदौर अहमदाबाद हाई वे पर एक वेगन आर कार *स्क09-ष्ट-7265* से कुल 73 .5 बल्क लीटर देसी मदिरा प्लेन, विदेशी व्हिस्की तथा बीयर मदिरा जप्त कर गिरफ्तार आरोपी वाहन चालक अबू सुफियान मुगल उर्फ लकी पिता मुहम्मद रफीक निवासी- गंधवानी, धार तथा निशांत पिता सोहन निवासी अवलदा को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) तथा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त वाहन तथा मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 3,30,000/- रुपए है। उपरोक्त कार्रवाई नवीन विधान अनुसार वीडियो बनाकर विधिवत की गई।

उपरोक्त कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक राजकुमार शुक्ला तथा आबकारी मुख्य आरक्षक कैलाश बघेल आरक्षक राजेन्द्र पवार, आशीष माली, मुदस्सर कुरैशी, सैनिक पवन ठाकुर द्वारा की गई।

**गंधवानी क्षेत्र में खूब फल फूल रहा बाहरी शराब का कारोबार**- धार में अबकारी पुलिस के द्वारा एक कार से शराब को पकड़ी गई है जिसमें आरोपी गंधवानी से होना पाया गया है लेकिन यहां पर इस पूरे क्षेत्र में बाहर से आने वाली शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है यहां पर ऐसे लोग भी शराब का कारोबार कर रहे हैं जिनका शराब से कोई लेना-देना नहीं और उनकी कोई मजबूरी भी नहीं लेकिन बावजूद उसके यह लोग गंधवानी में बाहरी शराब लाकर धड्डले से बेच रहे हैं हालांकि यहां के ठेकेदार को भी इन सब बातों की सारी जानकारी लेकिन मजबूरी के चलते वह भी कुछ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं लेकिन जिले में आबकारी महकमा इतना सक्रिय है कि उन्होंने धार में ही बाहरी शराब को रोक कर पकड़ लिया जिससे आबकारी विभाग की तारीफ करना बनती है क्योंकि गंधवानी में कई ऐसे दुर्गम मार्ग है जिनसे शराब को लाया जाता है लेकिन मुख्य मार्ग से यदि शराब आती है तो उसको पकड़ लिया जाता है यहां पर दुर्गम रास्तों का फायदा उठाकर बड़े पैमाने पर शराब की ब्लेकरी दर्जनों लोग वर्तमान में कर रहे हैं गंधवानी में आज तो बाहर से आने वाली अवेध शराब का बोलबाला है।

## श्रद्धा और भक्ति से मनाया डोल ग्यारस पर्व

**बाकानेर =** स्थानीय श्री कृष्ण मंदिर राम मंदिर, शंकर मंदिर नरसिंह मंदिर



द्वारा अपने-अपने डोल निकाले गए मंदिर से प्रस्थान कर स्थानीय शंकर मंदिर चौराहे पर सभी डोल पहुंचे। तेज बारिश के कारण सभी डोल को शंकर मंदिर के अंदर रखे गए जहां पर महिलाओं द्वारा डोल की पूजा अर्चना की गई स्थानीय घटवाल नदी पर पहुंचकर भगवान के चरणों में जल चढ़ाया आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार शतक की ओर अग्रसर

### सफलतापूर्वक सौ वे वर्ष में प्रवेश

**धार । जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार की स्थापना 16 मार्च 1926 को हुई बैंक का पंजीयन क्रमांक 17 है, बैंक विगत 100 वर्षो से कार्यरत है। वर्तमान वर्ष बैंक का शताब्दी ( 100 वाँ ) वर्ष है तथा, 16 मार्च 2026 को बैंक 100 वर्ष पूर्ण करेगी।**

बैंक के 286 अंशधारी सदस्य है साथ ही म.प्र. शासन भी बैंक में एक सदस्य के रुप में अंशधारी है। बैंक की सदस्यता में प्राथमिक सहकारी संस्थाएँ 95, दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाएँ 71, अन्य सहकारी सस्थाएँ 67, औद्योगिक सहकारी संस्थाएँ 27, विपणन सहकारी संस्थाएँ 8, बुनकर सहकारी संस्थाएँ 16, तिलहन सहकारी संस्थाएँ 2 है।

बैंक का मुख्य व्यवसाय समिति के कृषक सदस्यों को अल्पवाधि कृषि ऋण वितरण करना है जिसे केसीसी ऋण के नाम से जाना जाता है।

बैंक समितियों के माध्यम से 3.00 लाख तक अल्पावधि कृषि ऋण या केसीसी ऋण का वितरण शुन्य प्रतिशत ब्याज दर पर करती है।

बैंक के कुल 1,35,000 ऋणी सदस्य है जिनमें से 1,05,000 नियमित ऋणी सदस्य है।

बैंक अल्पावधि कृषि ऋण अन्तर्गत केसीसी पशुपालन संख्या 247 एवं केसीसी मत्स्य पालन संख्या 1651 को ऋण भी शुन्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवा रही है।

बैंक द्वारा वर्ष 2024-2025 में 1100.00 करोड़ मात्र का केसीसी ऋण वितरण किया गया था।

30 जून 2025 पर बैंक की सदस्य स्तर की वसूली का प्रतिशत 79.45 रहा है।

31 मार्च 2025 की स्थिति पर बैंक के 2,26,000 खाताधारक है जिनकी बैंक में कुल अमानत 979.32 करोड है, जिसमें से बचत एवं करण्ट अमानत 387.10 करोड है एवं मुद्धती अमानत 592.23 करोड़ है।

वित्तीय वर्ष 2024-2025 से बैंक द्वारा सावधि कृषि ऋण एवं अकृषि ऋण का वितरण किया जाना पुन: प्रारम्भ किया गया है।

बैंक विभिन्न योजनाओं हेतु ऋण उपलब्ध करवा रही है जिसमें मुख्यत: कार ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ट्रेक्टर ऋण, हार्वेस्टर ऋण, डेयरी ऋण, पाईपालाईन हेतु ऋण, स्प्रिकंलर ऋण, क्लिन केश लिमिट, शासकीय कर्मचारियों को अधिविकर्ष सुविधा आदि के लिये ऋण प्रदान कर रही है, बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष में इन योजनाओं में सकल रुप से 370. 10 लाख मात्र का ऋण वितरण किया है।

बैंक अपने खाताधारको को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (7500) पंजीयन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (28000) पंजीयन एवं अटल पेन्शन योजना (450) पंजीयन, अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा भी उपलब्ध करवा रही है।

भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अन्तर्गत बैंक से सम्बद्ध सहकारी समितियों को कम्प्युटराईजेशन किये जाने की प्रक्रिया में तेजी से कार्य किया जा रहा है, मनासा समिति ई पैक्स के रुप में कार्य कर रही है, आगामी 2-3 माह में समस्त समितियाँ पूर्णत: कम्प्युटरीकृत होकर कार्य करना प्रारम्भ कर देगी।

समितियों के कम्प्युटराईजेशन से समितियों के कार्य में पारदर्शिता आएगी, समितियाँ अपने सदस्यों को पासबुक जारी कर सकेगी, समितियों के सदस्यों लेन-देन के संबंध में मैसेज आदि प्राप्त होगें।

बैंक से सम्बद्ध सहकारी समितियाँ बहुउद्देश्यी संस्था के रुप में पारम्परिक व्यवसाय के साथ ही अन्य व्यवसाय भी कर रही है समिति धामनोद, सिंघाना एवं सुसारी जनऔषधी केन्द्र का संचालन कर रही है, समिति सरदारपुर एवं कोद कीटनाशक दवाई विक्रय का कार्य व्यवसाय, समिति मनासा पशु आहार विक्रय का कार्य कर रही है।

### बैंक की उपलब्धियां

बैंक वर्ष 2013 से पूर्णत: सीबीएस प्लेटफार्म पर कार्यरत होकर अपने खाताधारको को मिस्ड कॉल अलर्ट, एसएमएस अलर्ट, एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, भारत बिल पेमेण्ट सिस्टम, डेबिट (एटीएम) कार्ड, ईकॉमर्स, ई-मेण्डेट सुविधा उपलब्ध करवा रही है। बैंक गत वर्ष से अपने बडे जौत धारक कृषकों को 5.00 लाख तक का अल्पावधि कृषि ऋण रियायती दर पर उपलब्ध करवा रही है। बैंक का शुद्ध एनपीए अभूतपूर्व रुप से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सीमा 5 प्रतिशत के अन्दर मात्र 0.51 प्रतिशत है। बैंक का एनपीए निर्धारित सीमा में होने, बैंक के लाभ की स्थिति में होने से बैंक को लाभांश वितरण की पात्रता है, बैंक द्वारा वार्षिक साधारण सभा में लाभांश वितरण किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

बैंक द्वारा सम्बद्ध सहकारी संस्थाओं एवं दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाओं को बैंक का व्यवसाय संवाददाता (बीसी) नियुक्त किया है, इन समितियों के कार्यक्षेत्र के कृषक शीघ्र रुपयें 5000 तक का भुगतान समिति से माइक्रो एटीएम के माध्यम से प्राप्त कर सकेगी। बैंक द्वारा खाताधारको की सुविधा हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को मोबाईल बैकिंग (यूपीआई) हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, शीघ्र ही लायसेन्स प्राप्त होने पर बैंक के खाताधारक भी मोबाईल एप, फोन पे, गूगल पे, भीम यूपीआई, क्यूआर कोड को स्केन कर भुगतान कर सकेंगे। 12 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के 44 वें स्थापना दिवस, 2025 के अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार के प्रयासों की सराहना करते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु बैंक को सम्मानित किया गया।

# डोल ग्यारस के पावन पर्व पर लाबरिया मे निकला ऐतिहासिक चल समारोह

## बरसते पानी में भक्तों का उत्साह नही हुआ कम, सैकड़ों भक्तगण हुए शामिल...

**नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय घोष के साथ भगवान को कराया नगर भ्रमण....**

**ढोल नगाड़ा, गाजे - बाजे के साथ जगह-जगह हुई भगवान के पालकी की अगवानी...**




**धार.** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस के पावन पर्व पर लाबरिया नगर में ऐतिहासिक चल समारोह निकाला गया। जिसमे सेकड़ो भक्त गण शामिल हुए और खास बात यह रही की बरसते पानी में भी भक्तों का उत्साह कम नी हुआ और भगवान को बड़े ही भक्ति भाव से नगर भरमण करवाया। भगवान की पालकी नगर के राम मंदिर से प्रात: 7:30 बजे से प्रारंभ हुई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पूजन अर्चन के साथ शाम 6:00 बजे नगर के तालाब पर भगवान को स्नान करवाने पहुंची। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के साथ भगवान की पालकी का नगर भ्रमण मैं भक्त जय घोष लगाते नजर आए। ढोल धमाको गाजे बाजे साथ भगवान के पालकी का चल समारोह ऐतिहासिक नजर आया क्योंकि पूरे नगर में सर्व समाज एकता के साथ सभी व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रख चल समारोह में शामिल हुए तथा एकजुट होकर सभी नगर वासियों द्वारा चल समारोह में शिरकत कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाया।द्य भगवान के पालने की नगर के हर मोहल्ले में भक्तों द्वारा जोरदार उत्साह से अगवानी की गई द्य तथा अलग-अलग समितियां द्वारा चल समारोह में पधारे भक्तों हेतु कई प्रकार के स्टॉल नजर आए जिसमें चाय नाश्ता केले दूध हरियाली. खिचड़ी इत्यादि प्रसादी स्वरूप भक्तों को वितरण किया गया। राधा कृष्ण पालकी के साथ चल समारोह में ग्रुप धार द्वारा राधा कृष्ण का नृत्य अघोरी नृत्य के साथ बाबा श्याम का रथ तोप से पुष्प वर्षा हनुमान जी तथा गोशाला की भगवत कथा झाकी भी शामिल था द्य धार्मिक चल समारोह में भक्तगण ढोल व बैंड पर थिरकते नजर आए तथा महिलाएं गरबा करती नजर आए तथा पुरुष डांडिया खेल अखाड़े में अपना प्रदर्शन कर रहे थे।

## धरमपुरी बोहरा समाज ने मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला





**धरमपुरी ।** तेरी अताओं का दरिया तो मोजीज़न आका, मुझे तों एक ही कतरा नसीब हों जाए। नज़र से देख लूं अपनी मैं जीते-जी जन्नत, जों देखना तेरा रोजा नसीब हों जाए। बड़े नसीब से ऐसा नसीब हों जाएं कि मंत्रमुग्ध कर देने वाली नात, हाथों में तिरंगा। हकीमी स्काउट्स मनावर के सदस्यों का वाद्य यंत्रों के साथ मार्च पास्ट और मदरसा बुरहानियां के बच्चों के हाथों में पर्यावरण बचाने के प्रेरक संदेश के बेनर के साथ धरमपुरी बोहरा समाज ने बुधवार शाम को मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला।

समाज के मीडिया समन्वयक इब्राहिम रिज़वी ने बताया कि बुधवार को ईद मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर सैफी मस्जिद से शाम को वाली मुल्ला शब्बीर भाई रौनक की सदारत मे जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। सैफी मस्जिद से शुरू हुए जुलूस में हकीमी स्काउट दल मनावर के सदस्य वाद्ध यंत्र पर सुमधुर धून बिखेरते हुए मार्च पास्ट कर रहे थे। जुलूस मे मदरसा पंजतनिया के छात्र छात्राए भी शामिल हुए। जुलूस मे शेख़ अब्बास भाई रिज़वी, अंजुमन ए नजमी जमात के पदाधिकारी व विभीन्न संस्थाओं के पदाधिकारी के साथ समाजजन शामिल हुए।

जुलूस मे समाज के लोग नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर, मिलादुन्नबी मुबारक हो, सय्यदना मुफद्दल सैफूद्दीन जिंदाबाद, फातेमी दावत जिंदाबाद, हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

## बैंक ऑफ इंडिया का संतृप्तिकरण शिविर संपन्न

**धार .** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत, गुरुवार को ग्राम पंचायत मिण्डा, जिला धार में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बैंक ऑफ़ इंडिया धार अंचल के आंचलिक प्रबंधक रविंद्र नाथ सरकार, अग्रणी जिला प्रबंधक संजय सोनी, बैंक ऑफ़ इंडिया के वित्तीय समावेशन विभाग के प्रभारी श्री राम गोपाल पोरवाल, एन.आर.एल.एम के सरदारपुर ब्लाक प्रबंधक नरेंद्र वास्केल, बैंक ऑफ़ इंडिया अमझेरा शाखा के प्रबंधक आनंद शर्मा, मिण्डा गांव से श्री विक्रम पटेल, हातोद से श्री नारायण पाटीदार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आंचलिक प्रबंधक ने उपस्थितजनों को बैंक की विभिन्न योजनाओं, इतिहास और प्रगति के बारे मे बताया इसी के साथ सभी नागरिकों को बैंक से जुड़ने के लिए अनुरोध किया।




शिविर में नागरिकों को जन धन योजना के पुराने खुले खातों में ऋद्ध-ञ्चङ्क्ष्ट की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया। बताया गया कि यदि खातों में ऋद्ध-ञ्चङ्क्ष्ट अद्यतन नहीं होता है, तो वे इनऑपरेटिव हो जाते हैं जिससे बीमा, पेंशन, सब्सिडी जैसी शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता।

वित्तीय समावेशन विभाग के प्रभारी श्री राम गोपाल पोरवाल एवं स्वधार फिन एक्सेस के प्रतिनिधि ने भारत सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी बीमा योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना




, अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत मिलने वाले फायदे के साथ ही साइबर सुरक्षा के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि वे ह्रञ्जक्किसी के साथ साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, और फर्जी कॉल से सावधान रहें।

**एक नजर** **लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है**

# बदनावर में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, खेतों में पानी भरा

**बदनावर .** और आसपास के ग्रामीण अंचलों में बीते 24 घंटों से जारी तेज बारिश के चलते सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह से लेकर देर शाम तक रुक-रुक कर होती बारिश ने दैनिक कार्यों को धीमा कर दिया है। लोगों ने आवश्यक कार्यों के अलावा बाहर निकलना टाल दिया।





बारिश के चलते कई स्थानों पर प्राकृतिक जलधाराओं का बहाव तेज हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ा। बाजारों में अपेक्षाकृत सन्नाटा रहा और दुकानदारों ने दिन में ही दुकानें समेट लीं।

ग्रामीण इलाकों में कच्चे रास्तों पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी हुई है, जिससे खासकर पैदल चलने वाले लोगों को कठिनाई हो रही है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना चुनौतीपूर्ण रहा।

तेज बारिश का असर खेती पर भी दिखाई दे रहा है। खेतों में पानी भर जाने से फसल की जड़ों में नमी अधिक हो गई है, जिससे किसान चिंता में हैं। हालांकि अभी फसल को सीधा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन अगर पानी निकासी नहीं हुई तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

किसान राजेश पाटीदार का कहना है, बारिश ठीक है, लेकिन अब खेत में लगातार पानी भरा रहा तो परेशानी बढ़ सकती है। हमें अब जल निकासी की व्यवस्था करनी होगी।

एक अन्य किसान ने बताया, फसल की बढ़वार ठीक हो रही थी। अभी नुकसान नहीं है, लेकिन लगातार गीलापन बना रहा तो मुश्किल हो सकती है।

किसानों का ध्यान अब खेतों से अतिरिक्त पानी निकालने की ओर है, ताकि फसल को किसी भी संभावित खतरे से बचाया जा सके। बाजारों में चहल-पहल कम रही और स्कूलों में उपस्थिति प्रभावित हुई। कुछ दुकानों और सेवाओं में समय से पहले ताले लगते देखे गए।

एक स्थानीय निवासी ने बताया, सुबह से बारिश हो रही है। घर के आसपास सब गीला हो गया है। बच्चे बाहर नहीं जा पा रहे, और जरूरी काम भी अटक गए हैं।